उ. व. अ. सं., जबलपुर में अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस का आयोजन

सहायक महानिदेशक, जैवविविधता एवं जलवायु परिवर्तन, भा. वा. अ. शि. प., देहरादून के पत्र क्र. 1-32 Part III/2014/ICFRE/BCC/45, दिनाँक 16/02/2015 के अनुसार दिनाँक 22 मई 2015 को संस्थान के वन विस्तार प्रभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस-2015 का आयोजन किया गया। जैव विविधता क्या है इस बात को समझाने व जैवविविधता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिये हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी संयुक्त राष्ट्र द्वारा सन् 2015 का निर्धारित विषय (थीम) "सतत विकास के लिए जैवविविधता" निश्चित किया गया। जिसका उद्देश्य देश की जैवविविधता एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण व सतत् विकास में उनकी भूमिका के प्रति जागरुकता को बढ़ाना है।

संस्थान के निदेशक डॉ. यू. प्रकाशम, भा. व. से. के निर्देश पर निर्धारित विषय (थीम) को ध्यान में रखकर संस्थान द्वारा विविध कार्यक्रमों के माध्यम से अन्तर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन डॉ. नितिन कुलकर्णी, वैज्ञानिक - जी एवं प्रभागाध्यक्ष, वन विस्तार प्रभाग द्वारा एवं संचालन डॉ. ममता पुरोहित, अनुसंधान अधिकारी द्वारा किया गया। डॉ. सुमित चक्रवर्ती, वैज्ञानिक - एफ एवं डॉ. संजय सिंह, वैज्ञानिक - सी द्वारा "सतत् विकास में जैवविविधता का महत्व" विषय पर प्रकाश डाला गया। डॉ. हरि ओम सक्सेना, वैज्ञानिक - सी एवं डॉ. नसीर मोहम्मद, वैज्ञानिक - सी द्वारा कक्षा 5 वीं से 10 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए क्विज (प्रश्न-उत्तर) प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। डॉ. श्रीमती एम. कुन्डू, वैज्ञानिक - एफ एवं प्रभागाध्यक्ष, वन संवर्धन प्रभाग, श्रीमति नीलू सिंह, वैज्ञानिक - ई एवं प्रभागाध्यक्ष, लघु वन उपज प्रभाग, डॉ. श्रीमति फातिमा शीरीन, वैज्ञानिक - ई एवं डॉ. ननिता बेरी, वैज्ञानिक - डी द्वारा समूह (1) में कक्षा 5 वीं तक के विद्यार्थियों व समूह (2) में कक्षा 6 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए निर्धारित विषय "सतत् विकास के लिए जैवविविधता" पर चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न कराई गई। डॉ. पी. के. खत्री, वैज्ञानिक - डी एवं डॉ. संजय सिंह, वैज्ञानिक - सी द्वारा जैवविविधता और वन्य जीव जगत पर फिल्म "अर्थ (Earth)" दिखाई गई। डॉ. पी. बी. मेश्राम, वैज्ञानिक – एफ एवं प्रभागध्यक्ष, जैवविविधता प्रभाग द्वारा " चम्बल नदी में और चम्बल नदी के आस पास जैवविविधता (Biodiversity in and around Chambal River) " पर व्याख्यान दिया गया।

संस्थान के सभी वैज्ञानिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, शोधार्थियों एवं विभिन्न स्कूलों के बच्चों की आयोजन में उपस्थिति रही। डॉ. एन. रॉय चौधरी, वैज्ञानिक - जी द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता के दोनों समूहों के विजेताओं को प्रमाण पत्र दिया गया। डॉ. नितिन कुलकर्णी, वैज्ञानिक - जी एवं प्रभागाध्यक्ष, वन विस्तार प्रभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ समापन समारोह सम्पन्न हुआ।

Dr. Sumit Chakrabarti and Dr. Sanjay Singh Addressing to School Children

Dr. Nasir Mohammad and Shri Hari Om Saxena organizing the Quiz Competition

School Children participating in the painting Competition

School Children Watching the film "Earth"

Certificate distribution to the school children

Dr. P.B. Meshram delivering the talk on the occasion